कुलपति को गड़बड़ी मिलने पर यूटीयू ने बदला परीक्षा केन्द्र

दो परीक्षार्थी नकले करते पकड़े गए

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल (यूटीयू) की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के तीसरे दिन गुरुवार को संचालित हुई इंजीनियरिंग, फार्मेसी व लॉ पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को बनाये रखने को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय की उड़नदस्ता टीम द्वारा सुबह की पाली में रुड़की क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले बिशम्बर सहाय इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, बीएसएम लॉ कॉलेज, तारावती इंस्टीट्?यूट ऑफ बायोमेडिकल एण्ड साइस रूड़की एवं इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी रुड़की (आईटीआर) परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

उड़नदस्ते टीम के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने भी स्वयं केन्द्रों पर पहुंच कर परीक्षा की गुणवत्ता, निष्पक्षता व पारदर्शिता को परखने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। इसी दौरान जब विश्वविद्यालय के कुलपति उड़नदस्ता दल के साथ आईटीआर (इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी रूड़की) वाले परीक्षा केन्द्र पर, जहां दो अन्य संस्थानों आरसीपी और आरसीएम के परीक्षा केन्द्र निर्धारित थे, आयोजित हो रही परीक्षाओं को परखने पहुंचे तो उस परीक्षा केन्द्र की स्थिति देख कुलपति ने नाराजगी व्यक्त की। संस्थान के केन्द अधीक्षक को बुलाया तो संस्थान में मौजूद संजीव कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में वह स्वयं आरसीपी कॉलेज में परीक्षा नियंत्रक के कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। आईटीआर संस्थान में वर्तमान में निदेशक नहीं है और डा.ललित कौशल जो कि केन्द्र अधीक्षक व अंकुश कुमार सहायक केन्द्र अधीक्षक के कार्य दायित्वों का निर्वहन इस परीक्षा केन्द्र पर कर रहे हैं। इस पर कुलपति को जब सन्देह हुआ तो उनके द्वारा तथाकथित रूप से प्रस्तुत किये गये केंद्र अधीक्षक डा.ललित कौशल से पूछताछ की तो उन्होंने अपनी वास्तविक परिस्थिति उजागर करते हुए कहा कि वह तो पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य हैं ।उन्हें यहां पर जबरदस्ती केन्द्र अधीक्षक बनाया गया है। सख्ती से पूछताछ में जब यह सब उजागार हुआ तो कुलपति ने तत्काल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा.विनय कुमार पटेल को दूरभाष पर आदेशित करते हुए कहा कि इस परीक्षा केन्द्र को निरस्त करते हुए यहां के परीक्षार्थियों की आगामी परीक्षाएं आरआईटी में कराये जाने की व्यवस्था करें ।उड़नदस्ते की टीम ने गुरुवार को परीक्षा में दो परीक्षार्थियों को नकले करते हुए पकड़ा ।विश्वविद्यालय ने तत्काल उक्त परीक्षा केन्द्र को निरस्त करते हुए हुए केन्द्र के तीनों संस्थानों के परीक्षार्थियों की आगामी परीक्षाएं रुड़की इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी में संचालित कराने का निर्णय लिया है।